हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 27 अप्रैल 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 ग्रामीणों ने शव रखकर रोका रास्ता अंडरब्रिज ...



06 उपायुक्त ने मतदाता जागरुकता रथ को मतदाताओं...




### सूरज के तीखे तेवरों के बाद भी मतदाता मतदान करने बूथ तक पहुंचे, अब सभी को 4 जून को होने वाली मतगणना इंतजार है

# होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में शाम तक 67.16% मतदान, 12 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में हुई बंद

**होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को शाम 6 बजे तक 67.16 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग कर 12 अभ्यर्थियों की किस्मत ईवीएम में कैद की। अब सभी को 4 जून को होने वाली मतगणना में फैसले का इंतजार है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुक्रवार को होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने संविधान के अनुरूप अपने मत की आहूति देकर सरकार के गठन के लिए आगे आए। शुक्रवार को सुबह से ही सूरज ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिए। जैसे जैसे सूर्यदेव परवान की ओर अग्रसर हो रहा था मतदान केन्द्रों पर इक्का दुक्का मतदाता ही नजर आए। वहीं दोपहर तीन बजे तक यही सिलसिला मतदान केन्द्रों पर रहा।

दोपहर तीन बजे के बाद अधिकांश मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतार नजर आई। शाम 6 बजे मतदान प्रक्रिया समाप्त होने तक 18 लाख 55 हजार 692 मतदाताओं में से सभी आठ विधानसभाओं में



कुल 67.16 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हालांकि मतदान प्रक्रिया में संसदीय क्षेत्र के बुजुर्ग, महिला, युवाओं आदि ने खासा उत्साह दिखाया।

मतदान प्रक्रिया खत्म होने के बाद होशंगाबाद जिले की सभी विधानसभाओं की ईवीएम मशीन एसएनजी विद्यालय में जमा करने के लिए निर्वाचन पार्टियों की कतार लगी रही, वहीं कुछ पार्टियां देर रात तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

### हवा में उड़ा टेंट

प्रशासन द्वारा मतदान कर्मियों के लिए लगाया गया टेंट दोपहर में हल्की सी हवा चलने की वजह से गिर गया। हालांकि इस दौरान कोई भी घटना या जनहानि नहीं हुई।

### कुछ मतदान केन्द्रों पर हुई नोंक झोंक

मतदान प्रक्रिया के दौरान कुछ मतदान केन्द्रों पर राजनैतिक पार्टियों के एजेंटों के बीच हल्की नोंक झोंक भी होती रही। वहीं एसएनजी स्कूल में मतदान केन्द्र पर भोजन वितरित करने आए एक नेता की पुलिसकर्मी से नोंक झोंक हुई। पुलिसकर्मी ने बताया कि युवक मोबाइल लेकर मतदान केन्द्र के अंदर जाने का प्रयास कर रहा था मना करने पर वह देख लेने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद मामला शांत हो गया।

### संसदीय क्षेत्र में 5 बजे तक 63.44 प्रतिशत हुआ मतदान

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 होशंगाबाद में शुक्रवार 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से मतदान प्रारम्भ हुआ। शाम 5 बजे तक लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 होशंगाबाद में 63.44 प्रतिशत मतदान हो चुका था। जिसमें नरसिंहपुर में 63.14 प्रतिशत, तेंदूखेड़ा में 66.62 प्रतिशत, गाडरवारा में 63.97 प्रतिशत, सिवनीमालवा में 66.37 प्रतिशत, होशंगाबाद में 57.54 प्रतिशत, सोहागपुर में 64.69 प्रतिशत, पिपरिया में 68.70 प्रतिशत एवं उदयपुरा में 57.41 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया।

### सुबह से ही रहा मतदाताओं का मतदान के प्रति खासा उत्साह

प्रथम चरण में अर्थात प्रातः 9 बजे तक संसदीय क्षेत्र क्रं 17 होशंगाबाद में 15.95 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें नरसिंहपुर में 16.06 प्रतिशत, तेंदूखेड़ा में 17.39 प्रतिशत, गाडरवारा में 16.31 प्रतिशत, सिवनीमालवा में 15.67 प्रतिशत, होशंगाबाद में 12.15 प्रतिशत, सोहागपुर में 17.41 प्रतिशत, पिपरिया में 17.6 प्रतिशत एवं उदयपुरा में 15.2 प्रतिशत मतदान हुआ।

### प्रातः 11 बजे तक हो चुका था 32.4 प्रतिशत मतदान

दूसरे राउंड में अर्थात प्रातः 11 बजे तक संसदीय क्षेत्र क्रं 17 होशंगाबाद में कुल 32.4 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें नरसिंहपुर में 32.23 प्रतिशत, तेंदूखेड़ा में 34.03 प्रतिशत, गाडरवारा में 32.32 प्रतिशत, सिवनीमालवा में 34 प्रतिशत, होशंगाबाद में 26.29 प्रतिशत, सोहागपुर में 34.71 प्रतिशत, पिपरिया में 35.36 प्रतिशत एवं उदयपुरा में 30.39 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया।

### दोपहर 1 बजे तक हुआ 45.71 प्रतिशत मतदान

दोपहर 1 बजे तक संसदीय क्षेत्र क्रं 17 होशंगाबाद में कुल 45.71 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें नरसिंहपुर में 45.04 प्रतिशत, तेंदूखेड़ा में 47.59 प्रतिशत, गाडरवारा में 45.98 प्रतिशत, सिवनीमालवा में 48.24 प्रतिशत, होशंगाबाद में 39.53 प्रतिशत, सोहागपुर में 47.72 प्रतिशत, पिपरिया में 50.50 प्रतिशत एवं उदयपुरा में 41.49 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया।

### अपरान्ह 3 बजे तक हो चुका 55.79 प्रतिशत मतदान

इसके बाद दोपहर 3 बजे तक संसदीय क्षेत्र क्रं 17 होशंगाबाद में कुल 55.79 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें नरसिंहपुर में 54.03 प्रतिशत, तेंदूखेड़ा में 57.95 प्रतिशत, गाडरवारा में 55.31 प्रतिशत, सिवनीमालवा में 62.58 प्रतिशत, होशंगाबाद में 48.8 प्रतिशत, सोहागपुर में 56.94 प्रतिशत, पिपरिया में 61.00 प्रतिशत एवं उदयपुरा में 50.1 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया।

### शाम 5 बजे तक हो चुका था कुल 63.44 प्रतिशत मतदान

प्राप्त जानकारी अनुसार शाम 05 बजे तक संसदीय क्षेत्र क्रं 17 होशंगाबाद में कुल 63.44 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें नरसिंहपुर में 63.14 प्रतिशत, तेंदूखेड़ा में 66.62 प्रतिशत, गाडरवारा में 63.97 प्रतिशत, सिवनीमालवा में 66.37 प्रतिशत, होशंगाबाद में 57.54 प्रतिशत, सोहागपुर में 64.69 प्रतिशत, पिपरिया में 68.70 प्रतिशत एवं उदयपुरा में 57.41 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया।

### शाम 6 बजे तक 67.16 प्रतिशत रहा

प्राप्त जानकारी के अनुसार होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में 67.16 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। हालांकि अधिकारी पुष्टि नहीं हुई है।

### मेहंदी रचाए हाथों से दुल्हनों एवं बारात रवानगी से पहले दूल्हों ने उत्साहपूर्वक किया मतदान, नवमतदाताओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांग भी मतदान करने में नहीं रहे पीछे













लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाए रखने में घर के युवा, वृद्धजन व दिव्यांगजन भी किसी से पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्हीलचेयर की सुविधा का लाभ लेते हुए उत्साह से अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान करने के लिए युवाओं, सहित बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों में भारी उत्साह देखा गया। सभी विधानसभा क्षेत्र में आदर्श मतदान केंद्र, पिंक बूथ, युवा केंद्र और दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी व्यवस्था की गई। मेहंदी रचाए हाथों से दुल्हनों ने तथा बारात रवानगी के पूर्व दूल्हे नें मतदान करना अपना प्रथम कर्तव्य समझा और लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर एक अच्छे नागरिक होनें का फर्ज निभाया। विभिन्न मतदान केंद्रों पर शादी के लिए तैयार दूल्हा, दुल्हन के साथ उनके परिवारजनों ने भी मतदान कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। इटारसी की दिव्यांशा मौर्य, नगर परिषद बनखेड़ी की कल्पना, सोढरा की ममता, उंटियाकिशोर के नवविवाहित जोड़े, गुनौरा की रामबाई, इटारसी की पूजा शर्मा सहित अनेक दुल्हनों ने विदाई से पूर्व मतदान कर लोकतंत्र मजबूत करने की दिशा में अपने कदम बढाए। ग्राम बनाड़ा की सारणी विश्वकर्मा ने कन्यादान से पहले आकर अपने निर्धारित पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान किया। वहीं दूल्हे भी पीछे नहीं रहे बारात प्रस्थान से पूर्व कई दूल्हो नें मतदान करना अपनी प्रमुख जिम्मेदारी समझा और मतदान केन्द्र आकर मतदान करनें के बाद वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए आगे बढे। ग्राम गुर्रा में भी एक एसा ही दूल्हा पहुचा मतदान दलकर्मियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। मतदान केन्द्र 20 में भी दूल्हे ने शादी की वैवाहिक रस्म से पूर्व मतदान कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाया। जवाहर वार्ड सोहागपुर में भी विवाह के पूर्व दूल्हे ने मतदान किया। मतदान केन्द्र कोहनी में भी दूल्हे ने मतदान किया। ग्राम आयपा में भी एक दूल्हे ने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। सोहागपुर के संकेत रघुवंशी ने भी बारात ले जाने से पूर्व मतदान किया। इसी के साथ तीन दिवस पूर्व बच्चे को जन्म देने वाली प्रसूता नर्मदापुरम निवासी 28 वर्षीय आरती यादव नें भी मतदान करना अपनी जिम्मेदारी समझा एवं मतदान करनें अपने पोलिंग बूथ पर पहुंच कर मतदान किया। नर्मदापुरम जिले में दिव्यांग एवं बुजुर्गों नें भी बढचढ कर मतदान किया। पचमढ़ी की 106 वर्षीय कस्तूरी शुक्ला, माखननगर जिला नर्मदापुरम की 83 वर्षीय माणकदेवी जैन, 81 वर्षीय विजयकर, 76 वर्षीय रामवती बाई, 70 वर्षीय कौशिल्या मंडल, नर्मदापुरम की 85 वर्षीय तारा बाई तिलोटिया ने तथा 65 वर्षीय मुन्नालाल दिव्यांग दिनेश मालवीय सहित नवमतदाता अदिती शिवहरे, दीपक संतोरे, जिशान खान, ऋतिक यादव, रोहन यादव, ने पहली बार मतदान किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में यहां के मतदाता जो दूसरे जिले या राज्य में निवासरत है या पढाई के लिए बाहर गये उन्होनें भी मतदान दिवस के दिन मतदान कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाया। इटारसी के विद्यार्थी उत्कृष्ट जैन भोपाल, इटारसी के रूपेश साकारियां रायपुर, छत्तीसगढ़ से, इटारसी के ही पंकज विश्वकर्मा मुंबई से मतदान दिवस पर पहुंचकर मतदान किया। इटारसी एसडीएम टी प्रतीक राव ने दूल्हा-दुल्हनों एवं बाहर से आए मतदाताओं को मिठाई एवं उपहार भेंट किये।

### 12 प्रत्याशियों की किस्मत हुई ईवीएम में कैद

लोकसभा चुनाव के लिए होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में शुक्रवार को मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर 12 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम मशीन में बंद कर दी है। जिसमें भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी, कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा, बसपा प्रत्याशी रामगोविंद बरूआ, भारतीय युवा जन एकता पार्टी के प्रत्याशी दिव्येंन्द्र ब्रजमोहन दुबे, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के माखन सिंह लोधी के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी ज्योति सुरेश झारिया, पत्रकार तिलक सिंह यादव, पं.ब्रजेश खेमरिया, मुकेश यादव, युवराज गाव्हाड़े, राकेश रामप्रसाद रिकी, सरजेराव सहारे शामिल हैं। देखना यह है कि मतदाताओं का रूझान किस प्रत्याशी की ओर अधिक रहा है। अब चुनावी रण में भाग्य आजमा रहे सभी प्रत्याशियों को 4 जून को होने वाली मतगणना में फैसले का इंतजार है।

### लौट रहे मतदान दल, जमा करा रहे चुनाव सामग्री



लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद में आने वाली जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। मतदान समाप्ति के पश्चात मतदान दलों का सतत आना जारी है। मतदान दलों से शासकीय आईटीआई कॉलेज नर्मदापुरम में मतदान सामग्री जमा कराई जा रही है। सभी मतदान दलों से मतदान केन्द्र वार लगाए गए टेबल पर ही मतदान सामग्री का चेकलिस्ट के अनुसार मिलान कर जमा कराई जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने स्वयं उपस्थित होकर मतदान सामग्री जमा कराने की कार्यवाही देखी और आवश्यक दिशा-निर्देश ड्यूटी में संलग्न संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान संभागायुक्त नर्मदापुरम संभाग डॉ पवन कुमार शर्मा, आई जी इरशाद वली, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरूकरन सिंह, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का सघन निरीक्षण



लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को मतदान दिवस के दिन प्रातः 06 बजे से ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरूकरन सिंह ने नर्मदापुरम शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों तथा सोहागपुर के दूरस्थ मतदान केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों में ड्यूटी रथ मतदान दल से आमने सामने चर्चा की और उन्हें धैर्यपूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने को प्रेरित किया। मतदान केंद्र में दिव्यांग एवं वृद्धजनों के लिए रखी गई व्हीलचेयर का अवलोकन किया। मतदान केन्द्रों में गर्मी से बचाव के लिए बनाये गये शैड, पेयजल व्यवस्था एवं मतदान दल के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों में मौजूद पुलिस बल को बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया, उन्होंने कहा कि कानून एवं शांति की व्यवस्था बनाए रखी जाए। कोई भी अप्रिय स्थिति होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर एवं एसपी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी किया मतदान





लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल 2024 को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना और पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने शासकीय नवीन बालक शाला (फूलवती विद्यालय) कोठी बाजार के मतदान केन्द्र क्रं 66 पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने बताया कि प्रशासन लगातार पूरी मतदान प्रक्रिया पर अपनी नजर बनाये हुए है एवं जिले का मतदान प्रतिशत अभी तक पूरे संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक है। उन्होनें मौके पर ही जिलेवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में आकर मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी दे। लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व में मतदान करने में शासकीय अमला भी आगे रहा सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों, आयुक्त कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक अपने परिवार सहित मतदान किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत ने मतदान किया। डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर, लोक सेवा प्रबंधक आनंद झैरवार, एवं उनकी टीम नें उत्साहपूर्वक मतदान किया।

---

### अंडर 22 एक दिवसीय इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता

# बैतूल को हराकर नर्मदापुरम ने जीता फाइनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है अंडर 22 एक दिवसीय इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच नर्मदापुरम और बैतूल के मध्य खेला गया जिसमें बैतूल टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए साहिल कवाडे के 57 रन सिद्धार्थ भार्गव 43 रन की बदौलत 213 रन बनाएं नर्मदापुरम टीम की ओर से अथर्व महाजन ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए तथा श्रीनिवास ने 34 रन देकर 2 विकेट लिए।

इसके पश्चात 214 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नर्मदा पुरम टीम ने 7 विकेट खोकर यह मैच जीत लिया। नर्मदा पुरम टीम की ओर से अथर्व महाजन ने 95 रन की पारी खेली तथा गौरांग ने 49 रनों की पारी खेली बैतूल टीम की ओर से प्रतीक ने 2 विकेट लिए तथा यशवीर सिंह ने 1 विकेट का योगदान दिया इस तरह नर्मदापुरम ने यह प्रतियोगिता जीती।

इसके पश्चात प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथिगण अनुराग मिश्रा, राजेश चौरे, योगेश परसाई, कुलभूषण मिश्रा, संजय नाफडे, मनोहर बिलथरिया, चेतन राजपूत, संजय यदुवंशी, सुनील कालोसिया ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए प्रतियोगिता के बेस्ट बैटर का पुरस्कार सिद्धार्थ भार्गव को दिया गया तथा प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार अथर्व महाजन को दिया गया।




### कलेक्टर ने मतदान सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में आने वाले नर्मदापुरम जिले की चारों विधानसभाओं में मतदान सफलतापूर्वक संपन्न होने पर जिले के मतदाताओं का, मतदान दलकर्मियों, सेक्टर अधिकारियों, माइक्रो ऑब्जवर्स, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था में लगे पुलिस बल, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से शांतिपूर्वक मतदान कराने में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है।

### मंथन लड्ढा ने बढ़ाया नगर का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मंथन लड्ढा ने मध्य प्रदेश बोर्ड की कक्षा 12वीं में गणित स्ट्रीम में 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार और शिक्षकों को भी गर्वित किया है। इस सफलता के साथ, मंथन ने अपने भविष्य के लिए एक मजबूत आधार रखा है और उसे नई ऊंचाइयों की ओर आगे बढ़ने का जज्बा प्रदान किया है। मंथन के पिता अजय लड्ढा नगर के किराना व्यापारी हैं और माता रचना लड्ढा गृहणी हैं।

# डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र पौराणिक आख्यायिका पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हिन्दी भवन भोपाल द्वारा आयोजित शरद व्याख्यान माला के अवसर पर देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं नर्मदा महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण गोपाल मिश्र को शंकर शरणलाल बत्ता पौराणिक आख्यायिका पुरस्कार प्रदान किया गया। हिन्दी भवन के मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत, वरिष्ठ कथाकार डॉ.संतोष चौबे, पूर्व राज्यसभा सांसद रघुनंदन शर्मा एवं हिन्दी भवन के अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद दुबे ने डॉ. के.जी. मिश्र को शाल, श्रीफल तथा स्मृतिचिन्ह आदि प्रदान कर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल

**बैतूल।** सीएम राइज शा.कृषि उमावि बैतूल बाजार में कक्षा 6वीं, 7वीं, 9वीं एवं 11वीं हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि सोमवार 29 अप्रैल को शाम 5 बजे तक है। उक्त कक्षाओं में आवेदन जमा करने हेतु उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति/उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र/इंटरनेट की छायाप्रति के साथ शाला में निर्धारित काउंटर पर 29 अप्रैल को शाम 5 बजे तक जमा किए जाएंगे तथा प्रवेश प्रक्रिया हेतु शनिवार 4 मई को दोपहर 12 बजे से लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। प्राचार्य द्वारा समस्त पालकों/विद्यार्थियों से निर्धारित समय में आवेदन जमा करने की अपील की है।

### रासेयो स्वयंसेवक ने किया पौधरोपण

**बैतूल।** विद्यार्थी को अपने स्कूल या कॉलेज के परिसर में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। जिससे वर्षो बाद भी उसके अध्ययन की स्मृति बनी रहे। जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक ऋषक पारिसे ने जन्मदिन के अवसर पर कॉलेज में स्वयंसेवकों के साथ अपने जन्मदिवस के अवसर कालेज परिसर में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में रासेयो जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू, डॉ शीतल खरे की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर डॉ. विजेता चौबे ने कहा की पौधरोपण कर वह उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लें और उसे पूर्ण करें। डॉ.गोपाल प्रसाद साहू ने कहा की ऋषक ने अपने जन्मदिन के अवसर वर पौधरोपण कर एक अच्छी पहल की है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अजली नागोरे, सुरभि जैन, आयुष घिडोडे, इस्तयाक अली, अर्पण पवार, आयुष नागोरे रंजीत कायदे, रिया खातरकर, प्राची जैन, फूलमती यादव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### दैनिक वेतन भोगियों ने सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** नगर पालिका बैतूल में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने श्रम विभाग द्वारा जारी किए गए वेतन वृद्धि कलेक्टर दर को अप्रैल के वेतन में जोड़कर भुगतान की मांग की है। भारतीय मजदूर संघ के जिला सहमंत्री हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस मामले का समाधान करने का आग्रह किया। कर्मचारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी वेतन में वृद्धि के बावजूद नगर पालिका द्वारा इसे लागू नहीं किया जा रहा है। नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि वेतन वृद्धि को लागू करने के लिए बैतूल कलेक्टर के पत्र की आवश्यकता है, जो अभी तक जारी नहीं हुआ है। इसके अलावा, आचार संहिता के नियमों के आधार पर भी वेतन वृद्धि को लागू करने में देरी हो रही है। कर्मचारियों ने इस मुद्दे पर अपनी आवाज उठाई है और मांग की है कि वेतन वृद्धि को इसी माह अप्रैल से ही लागू किया जाए।

### डीजे वाहन पलटा था, टवेरा ने ग्रामीणों को रौंद दिया था, 3 की मौत हो गई थी

# ग्रामीणों ने शव रखकर रोका रास्ता अंडरब्रिज बनाने की मांग पर अड़े





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गुरुवार की रात दस बजे बैतूल के आसपास बैतूल इंदौर फोरलेन पर डीजे वाहन पलटने और एक टवेरा वाहन द्वारा ग्रामीणों को रौंदने की घटना में तीन लोगों की मौत के बाद शुक्रवार की सुबह दनोरा गांव के लोगों ने फोरलेन पर दुर्घटना में मरने वालों के शव रखकर विरोध प्रदर्शन कर फोरलेन पर अंडरपास ब्रिज बनाने की मांग की।

सुबह 11 बजे ग्रामीणों ने फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया और नारेबाजी शुरू कर दी चक्काजाम होने से सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी ग्रामीणों ने जमकर नारे बाजी की और कलेक्टर एसपी को मौके पर आने की जिद पर अड़े रहे चक्काजाम की सूचना पर पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा। चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को एडिशनल एसपी ने बहुत समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने एडिशनल एसपी की बात नही सुनी, ग्रामीण कलेक्टर को बुलाने की बात पर अड़े रहे।

#### कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी के आश्वासन पर ग्रामीणों ने बंद किया विरोध प्रदर्शन

ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे चक्काजाम की सूचना पर कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी मौके पर पहुचे और उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की और उन्हें आश्वासन दिया की ब्रिज बनाने की मांग को एनएचएआई के अधिकारियों तक पंहुचाएंगे और तत्काल प्रस्ताव बनाएंगे, तब जाकर ग्रामीणों ने चक्काजाम बंद किया। चक्काजाम कर रहे ग्रामीण शुभम ठोके ने बताया कि जबसे यह सडक़ बन रही थी, तभी से ग्रामीण गांव के पास अंडरपास ब्रिज बनाने की मांग कर रहे थे, क्योंकि ग्रामीणों के खेत इस सडक़ के आसपास ही है और किसानो को अपने खेतों पर फोरलेन को पार करके जाना पड़ता है, यहां आए दिन घटनाएं हो रही है। बीती रात भी भीषण दुर्घटना में तीन लोग की जान चली गई। इसलिए चक्काजाम किया गया और प्रशासन को अपनी समस्याएं बताई है।

#### सहायता प्रदान करेंगे

दनोरा गांव के पास बहुत ही दुखद घटना हुई है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है। ग्रामीणों की मांग है कि फोरलेन पर अंडरपास बनाया जाए। इस संबंध में सुधार प्रस्ताव एनएचएआई की टीम को तत्काल भेजेंगे, साथ ही हम मृतकों के परिवार के साथ हैं, उन्हें तत्काल सहायता प्रदान करेंगे।

**नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी,** कलेक्टर बैतूल

### बेमौसम बारिश

## आंधी और तूफान के साथ बारिश से मंडी में बरसी आफत, अनाज भीगा



**बैतूल।** मौसम का मिजाज दुरूस्त होने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले कई दिनों से बेमौसम बारिश और आंधी-तूफान जमकर तबाही मचा रहे हैं। शुक्रवार को भी जिले में आंधी-तूफान और वज्रपात के साथ बारिश हुई। जिसके कारण मंडी में रखा अनाज भीग गया और खासे परेशान होते दिखे। गौरतलब है कि शुक्रवार की शाम जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में जमकर बारिश हुई। इससे बडोरा मंडी में रखा किसानों का अनाज पानी में पूरी तरह से गीला हो गया। इससे किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ेगा। बारिश इतनी तेजी से आई कि किसानों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

#### शादियों में खलल डाल रही



बीते कई दिनों से प्रदेश भर में मौसम बिगड़ा है। इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बारिश और आंधी-तूफान से बैतूल जिले सहित अनेक स्थानों पर कहीं शादी के टेंट उड़ रहे हैं तो कहीं सारी तैयारियों पर पानी फिर रहा है।

## न्यू कार्मल के आधा दर्जन विद्यार्थियों ने प्रवीण्य सूची में बनाया स्थान

### शाला परिवार ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान





**मुलताई।** हाल ही में आए मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षा मे न्यू कार्मल कान्वेंट स्कूल की कक्षा 12वीं की दो छात्राओं ने जिले की टॉप टेन प्रवीण्य सूची में प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया है। न्यू कार्मल के कक्षा 12वीं, 10वीं, आठवी एवं पांचवी के आधा दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने जिला एवं तहसील स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर का गौरव बढ़ाया है।

यह पहला मौका है जब किसी निजी स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला सहित तहसील स्तरीय प्रवीण्य सूची में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज की है जिनका शाला परिवार द्वारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। शाला प्राचार्य विनीता नायर ने बताया कि कक्षा 12वीं का रिजल्ट 90% रहा कुंल 49 विद्यार्थियों में से 42 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें बानी दुर्गेश रस्तोगी ने कॉमर्स संकाय में 93.8% अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, इसके साथ ही दीपिका राजेश सोनी ने गणित संकाय में 94.6% अंक प्राप्त किए हैं। दीपिका को गणित में 100 में से 100 नंबर प्राप्त हुए हैं और वह जिले में तृतीय स्थान पर रही है। शाला संचालक अनीष नायर ने बताया कि कक्षा 12वीं के दो विद्यार्थी सहित आधा दर्जन से अधिक बच्चों ने पहली बार न सिर्फ जिले की प्रवीण सूची में अपना स्थान बनाया है बल्कि तहसील मे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शाला परिवार द्वारा सभी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया और जहां तक अति उत्साहित कर देने वाले परिणामों का सवाल है इसका कारण शाला परिवार का विद्यार्थियों को संस्कार के साथ अनुशासन से जोड़ना और योग्य शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ प्रेरणा प्रदान करना भी रहा है। न्यू कार्मल का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम भी 84% रहा, कुल 69 विद्यार्थियों में से 50 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में रहे। कक्षा दसवीं में श्रावणी भावसार ने 93.4% अंक प्राप्त किया, शौर्य रस्तोगी ने कक्षा आठवीं में 96% अंक प्राप्त कर तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया और कक्षा पांचवी की खुशीहाल धोते ने 95% अंक प्राप्त कर तहसील में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और आराध्या नामदेव ने 93% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। शाला संचालक अनीश नायर ने बताया कि इस पूरी सफलता के पीछे पलकों का भी विशेष सहयोग रहा है। स्कूल स्तर पर जुलाई माह से ही विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी कराई गई वही समय-समय पर परीक्षाओं का आयोजन कर उन्हें वार्षिक परीक्षा के लिए तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि यदि पूरी ईमानदारी और लगन से किसी भी काम को किया जाए तो निश्चित तौर पर सफलता मिलती है विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों सहित पलकों को भी मेहनत करनी पड़ती है। इस बार यदि कक्षा 12वीं एवं 10वीं में बेटियों ने शाला का नाम रोशन किया है तो वही बेटों ने भी आठवी एवं पांचवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय को गौरवान्वित किया है। बच्चों की सफलता पर संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह परिहार, संचना जैन, अवनीश शर्मा, मनोज गीद, करिश्मा गीदकार, सुनीता सबले, विशाल सोनी, शीतल पावर सहित शहर के गणमान्य लोगों ने विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की।

### पेंशनर्स दंपती ने लिया देहदान का संकल्प



**बैतूल।** सेवाकार्य की कोई उम्र नहीं होती है बस जज्बा होना चाहिए। पेंशनर्स ने बता दिया की समाज के प्रति सेवा की भावना आज भी युवाओं से कम नहीं है। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेन्शन एसोसिएशन के प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य व श्रमिक नेता एएन सिंह एवं उनकी पत्नी श्रीमती सावित्री सिंह द्वारा शुक्रवार को देहदान का संकल्प लिया। अपने मित्रों के साथ सिटी हॉस्पिटल बैतूल में रेडक्रास सोसाइटीज के डॉ.अरूण जयसिंगपुरे व डॉ.सोनवणे को अपने देहदान के निर्धारित दस्तावेज दिए। डाक्टर द्वारा उनके इस सराहनीय कार्य की सराहना की गई तथा आगामी कार्यवाही से अवगत कराया। इस अवसर पर डीके तिवारी, आरडी यादव, एसआर बड़ोदे, एमएम अंसारी, डीडी देशमुख ललित सिसोदिया, अरुण देशपांडे, राजेश शर्मा, प्रेमलाल पवार, पृथ्वी सिंह आदि एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

## नागपुर रेल मंडल 25 स्टेशनों पर यात्री के लिए शुरू करेगा डिजिटल एक्सेस मैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



भारतीय रेल नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र, नागपुर रेलवे स्टेशन ने रेलवे स्टेशनों पर यात्री अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाते हुए एक अभिनव डिजिटल एक्सेस मैप का अनावरण किया है। मध्य रेल के नागपुर मंडल द्वारा विकसित, इस पहल का उद्देश्य मंडल के 25 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधा को बढ़ाना है।डिजिटल एक्सेस मैप एक अग्रणी चित्रात्मक प्रतिनिधित्व है जो पूरे स्टेशन परिसर में विभिन्न यात्री सुविधाओं के स्थानों को दर्शाता है। इसका सहज डिज़ाइन यात्रियों को प्रतीक्षालय (आरक्षित और अनारक्षित दोनों), दिव्यांग (विशेष रूप से विकलांग) टिकट काउंटर, शौचालय, पानी के नल और कूलर, लिफ्ट, फुट ओवर ब्रिज, प्रवेश और निकास बिंदु, आरपीएफ थाना (रेलवे सुरक्षा बल स्टेशन), और भी बहुत कुछ जैसी सुविधाओं पर व्यापक मार्गदर्शन प्रदान करता है। रात में भी स्पष्ट दृश्यता सक्षम करने के लिए सेटअप बैक-लिट है।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया यह डिजिटल मानचित्र रेलवे बुनियादी ढांचे को कुशलतापूर्वक नेविगेट करने के लिए एक अनिवार्य उपकरण के रूप में कार्य करता है। विभिन्न प्लेटफार्मों पर और कॉन्कोर्स/स्टेशन क्षेत्र के भीतर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में स्पष्ट दृश्य संकेत और सटीक जानकारी प्रदान करके, यह यात्रियों को सूचित निर्णय लेने और उन सुविधाओं तक तेजी से पहुंचने में सक्षम बनाता है जिनकी उन्हें आवश्यकता होती है। वर्तमान में नागपुर मंडल के 25 स्टेशनों पर डिजिटल एक्सेस मैप को बिना किसी देरी के शेष स्टेशनों पर लागू करने की तैयारी है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि डिवीजन के प्रत्येक यात्री को इस अभिनव समाधान से लाभ मिले। जिन स्टेशनों पर डिजिटल एक्सेस मैप वर्तमान में चालू है उनमें नागपुर, वर्धा सेवाग्राम, चंद्रपुर, बल्लारशाह, वरोरा, हिंगनघाट, भनादक, काटोल, नरखेर, पुलगांव, धामनगांव, चंदूर, पांढुर्ना, मुलताई, आमला और बैतूल शामिल हैं।

## कौशल शिविर में छात्राओं ने जाना विज्ञान का महत्व

### 64 कलाओं पर आधारित कौशल शिविर में छात्राओं ने किए विज्ञान के प्रयोग



**बैतूल।** ई.एफ.ए.शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय बैतूल गंज बैतूल में 25 अप्रैल को 64 कलाओं पर आधारित कौशल शिविर में छात्राओं ने विज्ञान के प्रयोग कर विज्ञान के महत्व को समझा। कौशल शिविर के प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया कि विद्यालय में प्राचार्य ललितलाल लिल्होरे के मार्गदर्शन में 64 कलाओं पर आधारित कौशल शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 100 से अधिक छात्राएं भाग ले रही है। 25 अप्रैल को छात्राओं को विज्ञान के प्रयोग कराए गए। विज्ञान के शिक्षक जी.आर.देशमुख, रीना श्रीवास्तव ने रसायन के प्रयोग, रेखा बारपेटे, विरेन्द्र झरबड़े ने भौतिकी, के.जी.बरमासे एवं कामायनी त्रिवेद्वी द्वारा विज्ञान के प्रयोग की जानकारी दी। शिविर में मीरा कापसे, वन्दना बेठे ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर प्राचार्य ललितलाल लिल्होरे ने कहा कि प्रायोगिक ज्ञान एक शिक्षा प्रक्रिया है, जिसमें अनुभव के माध्यम से शिक्षित किया जाता है, परिभाषित किया जाता है । विज्ञान ने वायुयान, जलयान, राकेट, काल व ट्रेन आदि यातायात के साधनों का आविष्कार करके वर्षों की यात्रा को दिनों में और दिनों की यात्रा घंटों में संभव कर दी है। तार, टेलीफोन और बेतार के तार द्वारा संवाद भेजने में की सुविधा हो गई।

### उपभोक्ता आयोग बैतूल का आदेश

## चोला मंडलम बीमा कंपनी देगी गाय की बीमा राशि




**बैतूल।** चिचोली तहसील के ग्राम नसीराबाद के किसान उषा पति रमेश लोखण्डे की 2 गाय की मृत्यु अज्ञात बीमारी से हो गई थी। चोला मण्डलम बीमा कंपनी द्वारा गाय का बीमा करने के बावजूद मृत्यु होने पर बीमा राशि नहीं दी जा रही थी, किसान द्वारा उपभोक्ता आयोग में आवेदन देने के बाद आयोग के आदेश के अनुसार किसान को 42 हजार रूपये बीमा राशि वाद व्यय व मानसिक संत्रास सहित मिलेंगे। यह आदेश आयोग के अध्यक्ष/न्यायाधीश विजय कुमार पाण्डेय व मान. सदस्य चन्द्रशेखर माकोड़े द्वारा दिया गया है।

एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि आयोग के आदेश से ऐसे किसानों को न्याय मिला है जो कि अपने पशु धन का बीमा तो कराते हैं, मगर उन्हें पशु की मृत्यु होने पर बीमा राशि नहीं दी जाती है। इसके अलावा आयोग द्वारा दिए गए आदेश के बाद बैतूल तहसील के ग्राम खेडला के किसान सदाशिव उर्फ सुट्टू टिकमे आ. किशनलाल टिकमे को आदेश के अनुसार 1 लाख 15 हजार 391 रूपये फसल बीमा राशि के सहकारी बैंक बैतूल द्वारा जमा किये गये हैं। ग्राम सेलगांव के गुलाबराव पिता नन्हू पोटफोड़े को सहकारी बैंक बडोरा बैतूल द्वारा 65 हजार 845 रूपये फसल बीमा राशि मिलेगी तथा प्रभातपट्टन तहसील के ग्राम सावंगी के किसान नाथूराम पिता गणपति भोपते को 19 हजार 580 रूपये फसल बीमा राशि, मानसिक संत्रास व वाद व्यय सहित मिलेगी। इन किसानों को 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी मिलेगा।

### छात्राओं ने मारी बाजी, छात्र भी रहे अव्वल

## कौड़िया गांव के शासकीय स्कूल के 10वीं के 54 में से 40 बच्चे प्रथम श्रेणी में पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



शिक्षकों के अथक प्रयासों से और लगातार बेहतर पढ़ाई के कारण अब ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय स्कूल भी बेहतर रिजल्ट देने में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। हाल ही में जारी हुए एमपी बोर्ड 10वीं के रिजल्ट में भैंसदेही ब्लॉक के शासकीय हाईस्कूल कौड़िया के बच्चों ने उम्दा प्रदर्शन किया है। कौड़िया गांव शासकीय हाईस्कूल के 54 बच्चे इस साल 10वीं बोर्ड की परीक्षा में बैठे थे। जिसमें से 40 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं जबकि 12 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की है। कुल मिलाकर स्कूल का रिजल्ट बेहतर रहा है। स्कूल के शिक्षकगणों सहित बच्चों की लगन और मेहनत से ये सफलता स्कूल ने हासिल की है। सभी बच्चों को शिक्षक राजेश पंथी, दिनेश कुमार छितकारे, श्यामलाल उईके, मनीष कुमार चंदेल, रमेश सलामे, दसन मर्सकोले ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कमाना की है। सभी बच्चों को उनके पालकों एवं ग्रामीणजनों ने बधाई दी है। बच्चों का नाम निशा झारखंडे, दीपिका मेश्राम, अंशिका इरपाचे, मुन्नी सलामे, एकराज हरसुले आदि प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया।

### दिव्य ज्योति स्कूल के विद्यार्थियों ने किया गौरवान्वित शुभम बनखेड़े ने प्राप्त किए 92.2 प्रतिशत अंक




**बैतूल।** दिव्य ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरडी में हाई स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षाओं के परिणामों में स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं के परीक्षा में प्रथम स्थान पर शुभम सुभाष बनखेडे ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि हाई स्कूल परीक्षा में युशिका दिलीप मालवीय ने 76.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस सफलता ने स्कूल को गौरवान्वित किया है। स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 12वीं से प्रथम स्थान शुभम सुभाष बनखेडे काजली द्वारा 92.2 प्रतिशत लाए गए, साथ ही द्वितीय हर्षित सुरेश देशमुख सिरडी 77.4 प्रतिशत, तृतीय मयूर आकाश राव लोखंडे 70 प्रतिशत, हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान युशिका दिलीप मालवीय सहनगांव 76.8 प्रतिशत, द्वितीय आकाश संतोष बिहारे सिरडी 76.4 प्रतिशत, तृतीय नंदनी विनायक साईखेड़ाखुर्द 74 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हुए है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने इस उत्कृष्टता का स्वागत किया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया है कि वे अपने उच्च शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों के इन प्रशंसनीय परिणामों के पीछे उनकी मेहनत, उत्साह और शिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन का बड़ा हाथ है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने इस सफलता को हासिल करने पर विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हें आगे भी अधिक मेहनत करने का प्रोत्साहन दिया है, ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।

### लोस चुनाव का अंतिम प्रशिक्षण प्रारंभ

## मुलताई में आज से शुरू होगी सिंबल लोडिंग और पेयरिंग



**मुलताई।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई है। अंतिम चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। बैतूल लोकसभा के लिए 7 मई को चुनाव होने है। एसडीएम तृप्ति पटैरया ने बताया कि 27 अप्रैल को मुलताई में बने स्ट्रांग रूम और कमिश्निंग हाल में ईवीएम मशीनों में सिंबल लोडिंग और पेयरिंग की जाएगी। वही 28 अप्रैल से कमिश्निंग की कार्यवाही शुरू होगी जो तीन दिनों तक चलेगी। जिसके लिए आज उन्होंने स्ट्रांग रूम और कमिश्निंग हॉल का निरीक्षण किया और सारी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ मुलताई तहसीलदार अनामिका सिंह एवं अन्य कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**296 पोलिंग बूथ के बीएलओ को दिया जा रहा प्रशिक्षण:** मुलताई विधानसभा क्षेत्र के प्रभात पट्टन एवं मुलताई क्षेत्र के समस्त 296 पोलिंग बूथ के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मतदाताओं को वोटर स्लिप का वितरण किए जाने और 100% मतदान हो सके इस बारे में जानकारी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान, स्वीप प्लान के तहत वोटरों को घर पहुंच कर पीले चावलों का निमंत्रण आदि से मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। मुलताई एसडीएम तृप्ति पटैरया और तहसीलदार अनामिका सिंह द्वारा बताया गया कि मतदान केंद्र क्रमांक 1 से 150 तक के बीएलओ को प्रशिक्षण सुबह 11 से दोपहर 1 तक दिया गया। वहीं मतदान केंद्र क्रमांक 151 से 296 तक के बीएलओ को 1 से दोपहर 3 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया।

सुबह 7 से 11 बजे तक मतदान केन्द्रों पर लाइन लगाकर मतदाता वोट डालते दिखाई दिए

# लोकसभा चुनाव के मतदान पर पड़ा शादी विवाह का असर

लोकसभा के मतदान पर लग्न का असर पड़ा। जिसमें सुबह 7 बजे से 11 बजे तक मतदान केन्द्रों पर लाइन लगाकर मतदाता वोट डालते दिखाई दिए। वहीं दोपहर 12 के बाद मतदान केन्द्रों पर इक्का दुक्का मतदाता वोट डालते दिखाई दिए





हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

होशंगाबाद नरसिंहपुर सांसदीय सीट पर शुक्रवार को होने वाले मतदान में शादी विवाह का असर साफ दिखाई दिया सुबह 7 बजे से 11 बजे तक मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की भीड़ दिखाई दी जो विगत विधानसभा चुनाव की अपेक्षा काफी कम संख्या में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया दोपहर 12 के बाद सभी मतदान केदो पर भीड़ कम होती चली गई एवं दोपहर में सेमरी हरचंद, जमुनिया एवं समीपस्थ ग्राम झालौन के 14 मतदान केदो पर सन्नाटा से पसर गया था इक्का-दुक्का मतदाता वोट डालने जाते दिखाई दिए शाम 4 के बाद पुनः मतदान केदो पर रौनक दिखाई दी मतदान केंद्र क्रमांक 183 पर विवाह के लिए हल्दी की रस्म करके अंशु साहू ने मतदान किया।

वहीं बूथ क्रमांक 176 पर शिवम कुशवाहा नामक दूल्हे ने भी विवाह से पूर्व अपना वोट डाला एवं एक दुल्हन ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया बूथ क्रमांक 177 पर 79 वर्षीय दिव्यांग एवं वृद्ध महिला ने व्हीलचेयर पर जाकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। एवं शाम 6 बजे तक सेमरी हरचंद जमुनिया एवं समीपस्थ ग्राम झालौन के 14 मतदान केदो पर लगभग 65 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ। लोकसभा निर्वाचन 2024 में सेमारी हरचंद एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शादी विवाह अधिक होने के कारण पिछले विधानसभा चुनाव की अपेक्षा कम मतदान रहा जिससे क्षेत्र के राजनीतिक पंडितों द्वारा अनेक प्रकार के कयास लगाए जा रहे हैं कुछ कम मतदान से कांग्रेस को फायदा मिलने की बात कर रहे हैं तो कुछ कम मतदान से भाजपा को जितना हुआ बता रहे हैं राजनीतिक कयास जो भी हों आज शादी विवाह की लगुनियाई अधिक होने का असर मतदान पर साफ दिखाई दिया। प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जिम्मेदारी एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराया गया पुलिस विभाग एवं निर्वाचन कार्य में लगे समस्त अधिकारी कर्मचारी प्रशंसा के पात्र हैं सभी मतदान केदो पर मतदाताओं के लिए बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था थी जिसमें ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद की भूमिका महत्वपूर्ण रही वहीं निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की ग्राम वासियों द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेमरी हरचंद जमुनिया एवं ग्राम झालौन के सभी मतदान केदो पर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ समाचार लिखने तक किसी प्रकार की कोई अपनी घटना का समाचार नहीं है।

# प्रशासन की मशक्कत के कारण 65 प्रतिशत के ऊपर पहुंच गया मतदान

## दूल्हा और दुल्हन के परिवारों को प्रोत्साहित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



लोक सभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन अधिक से अधिक मतदान कराने को लेकर जद्दोजहद की। इस के लिए जिला प्रशासन की टीम में कलेक्टर सोनिया मीना और एसपी गुरु करण सिंह सुबह से ही मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान केंद्रों का जायजा ले रहे हैं। इस दौरान दोनों उच्चाधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों में दूल्हे वा दुल्हन को प्रोत्साहित किया गया। फलस्वरूप परिणाम प्रतिशत 65 के पार पहुंचा। गौरतलब हो कि आज मतदान केंद्रों में विवाह के चलते मतदाताओं की भीड़ अपेक्षाकृत कम ही है। आंकड़ों के अनुसार सुबह 11 बजे तक जिले का मतदान प्रतिशत 32 प्रतिशत रहा है जो कि प्रशासन के लिए संतोष प्रदान करने वाली खबर थी तो वहीं शाम 5 बजे 64 प्रतिशत से अधिक मतदान होना प्रशासन की मेहनत को श्रेय जाता है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं तो वहीं मतदाताओं के लिए मतदान करने में आसानी हो इसके लिए भी प्रशासन द्वारा विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखकर मतदान केंद्रों में तैयारियां की गई थीं। खबर लिखे जने तक किसी भी मतदान केंद्र में कोई भी अप्रिय घटना नही सुनी गई। सोहागपुर प्रशासक ब्रजेंद् रावत और तहसीलदार अलका एक्का लगातार मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान केंद्रों की यथा स्थिति से वाकिफ हो रहे हैं।

### निभौरा में सड़क व पुलिया न होने से मतदान का बहिष्कार किया

ग्राम निभौरा में सड़क व पुलिया ना होने के कारण ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया जिसकी जानकारी लगते ही प्रशासक ब्रजेंद्र रावत ने सीईओ संजय अग्रवाल को तुरंत मौके पर भेजकर ग्रामीणों को समझाइश दी जिसके बाद मतदाताओं ने मतदान किया।

# प्रशासन दिनभर लगा रहा मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जद्दोजहद में

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार जिला प्रशासन एवं स्थानीय निर्वाचन अधिकारी सुबह से ही अधिक मतदान करने को लेकर जद्दोजहद करते रहे। पिपरिया विधानसभा की ग्राम पंचायत ऊटिया किशोर के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील के अन्य मतदान केंद्रों पर जिला कलेक्टर सोनिया मीणा एवं पुलिस अधीक्षक गुरु करण सिंह पहुंचे तथा उन्होंने निर्वाचन अधिकारी संतोष तिवारी को मतदान बढ़ाने की बात कही।

वहीं पर मतदान केंद्रों का जायजा लिया और दूल्हे दुल्हन को भी प्रोत्साहित किया गया। गौरतलब होगा मतदान केंद्रों में विवाह के चलते मतदाताओं की भीड़ अपेक्षाकृत कम ही रही लोगों के अनुसार शाम 6 बजे तक मतदान 72% के आसपास रहा। महिलाओं ने अधिक मतदान किया जबकि पुरुष मतदान करने में पीछे रहे। प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थ, वहीं मतदाताओं को मतदान करने में आसानी हो इसके लिए प्रशासन द्वारा विधिक बिंदुओं पर विचार किया गया।

मतदान समाप्त होने तक किसी भी केंद्र से कोई अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है। ग्राम सेमरी तला में भाजपा प्रत्याशी के समाज वालों के द्वारा ही विरोध करने की खबर मिली है। मतदान केंद्रों पर कहीं-कहीं सुबह से ही लंबी कतारें देखी गई शहरी क्षेत्र में दोपहर में ग्रामीण क्षेत्र में भी काफी धीमी गति का मतदान रहा मतदान केंद्र पर पांच-पांच मिनट के बाद दूसरा वाटर नहीं पहुंच रहा था। बीजनवाडापंचायत मैं तवा कॉलोनी के पीछे काफी कम मतदान रहा जिसके कारण अधिकारियों के माथे पर चिंता की लकीरें देखी गई।

प्रशासन के द्वारा आशा उषा कार्यकर्ता को भेज कर मतदान बढ़ाने का प्रयास किया गया क्योंकि सुबह से ही इस क्षेत्र में काफी कम मतदान रहा वहीं सूरज चढ़ने के साथ जब गर्मी बढ़ेगी तो मतदान बढ़ेगा इसकी उम्मीद इसी की जा रही थी लेकिन ऐसा उतना मतदान बढ़ा ही नहीं, जितने की उम्मीद की जा रही थी।

मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। ग्रामीण क्षेत्र में ईवीएम में तकनीकी खराबी की सूचना कहीं-कहीं मिली थी यहां पर सुधार किया गया। सुबह 7 बजे मतदान केंद्रों पर मतदाता वोटिंग करने पहुंचे ईवीएम में कई जगह तकनीकी खराबी की सूचना मिलने पर तत्काल सुधार कराया गया मौके पर मशीनों को स्टार्ट करवाया सहायिका वेतन अधिकारी मतदान केंद्रों में लगातार जानकारी लेकर मुख्यालय को भेज रहे हैं। भाजपा एवं कांग्रेस की प्रत्याशियों ने अपने-अपने निवास क्षेत्र में मतदान किया। शादी की एवं मतदान की तारीख एक ही दिन होने के कारण दूल्हा दुल्हन ने भी एक-दूसरे को अपना सहयोग करते हुए मतदान किया इसके लिए उत्साह देखा गया। इधर शादी समारोह में जाने के पूर्व कहीं वर तो कहीं बधू ने मतदान किया।

विधायक ठाकुरदास नागवंशी के द्वारा पत्नी के साथ पहुंचकर मतदान किया गया। ग्राम पंचायत पनारी में राजेश वैस की पुत्री ने अपना विवाह होने के पूर्व मतदान केन्द्र पहुंच कर मतदान किया। ऊंटिया किशोर पंचायत के खपड़िया में से पहले दूल्हे ने मतदान किया उसके बाद बरात रवाना हुई। दूल्हे का स्वागत भी फूल मालाओं के साथ किया गया।

लोगों का कहना था कि पहले करेंगे मतदान फिर करेंगे शादी के काम। और लोगों में ऐसा उत्साह दिखाई भी दिया। प्रशासन के द्वारा पीजी कॉलेज के अतिथि प्रोफेसर से लेकर प्राचार्य तक की ड्यूटी लगाई गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी सुपरवाइजर से लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की भी ड्यूटी लगाई गई सभी ग्राम पंचायत में ग्राम सचिव के द्वारा ड्यूटी पर पहुंचे लोगों की अच्छी व्यवस्था की गई जिसके कारण उन लोगों के द्वारा धन्यवाद किया गया।

# अंजली ने 12वीं में सर्वाधिक अंक लेकर नगर का नाम किया रोशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

शोभापुर शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा अंजली पटेल ने गणित संकाय से 92.2 प्रतिशत अंक लाकर नगर और परिवार के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंजली पटेल एक छोटे से गांव अकोला से बिलांग करती हैं तो वहीं उसके पिता चंद्रभान और दादा हरिसिंह पटेल छात्रा के परीक्षा परिणाम के प्रेरणा श्रोत रहे हैं। वहीं आचार्य पब्लिक स्कूल शोभापुर की छात्रा शीतल सिसोदिया 12 वीं में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

### कक्षा 10 वीं में भी अंजली के नाम का परचम

कन्या शाला ही की छात्रा अंजली सोनी पिता अशोक सोनी ने नगर स्तर पर अब्बल स्थान पर काबिज हुई हैं। प्राचार्य कैलाश पुरोहित ने बताया कि विद्यालय स्तर पर अंजली ने 500 में से 472 अंक अर्जित किए।

उसका परीक्षा परिणाम 94.4 प्रतिशत रहा है। जेनिथ स्कूल के विद्यार्थी नित्य भार्गव ने 93 प्रतिशत और सत्यम पटेल ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर संस्था के गौरव को यथार्थ रखते हुए परिवार को खुशी प्रदान की है। संस्था प्रमुख शंभू दयाल सराठे ने विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं प्रेषित की है। प्रदेश स्तर का हो या फिर जिले स्तर का या फिर संकुल और स्कूल स्तर का परिणाम परिणाम की ओर नजर डाले तो तो अधिकांशतः बेटियों ने बाजी मारी है।

बेटियों की सफलता के लिए उनके लक्ष्य निर्धारण के साथ उनके अंदर माता पिता, परिवार और शिक्षकों के प्रति समर्पण और अनुशासन का भाव अधिक होता है जिसके तहत वह परिणाम की वास्तविक हकदार भी होती हैं।

# परिणय बंधन में शामिल होने से पहले किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मतदान केंद्र पर विवाह मंडप में सात फेरे लेने से पहले वर वधू मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंचे। ग्राम समोन के मतदान केंद्र पर वधू सलोनी यादव पिता देवनारायण गोधोली बेला परिणय के पहिले एवम निलेश यादव पिता मोरसिंह यादव ने बारात ले जाने से पहले मतदान केंद्र समोन 60 पर मतदान कर अपना कर्तव्य पालन किया। वहीं ग्राम आंख मऊ दूल्हे राजा गौरव यादव ने भी बरात ले जाने से पहले मतदान किया।

### संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के पोस्टल बैलट का संधारण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के समस्त पोस्टल बैलट की मतगणना रिटर्निंग ऑफिसर मुख्यालय नर्मदापुरम पर होगी। 27 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के पोस्टल बैलट का संधारण जिला मुख्यालय नर्मदापुरम के ट्रेजरी स्थित खजाना भवन में शाम 7 बजे से किया जाना प्रस्तावित था। जो कि समय परिवर्तन करने के पश्चात अब 27 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक किया जाएगा। लोकसभा निर्वाचन 2024 में भाग लेने वाले समस्त अभ्यर्थी अथवा उनके प्रतिनिधियों से नोडल अधिकारी डाक मतपत्र प्रबंधन लोकसभा निर्वाचन 2024 जिला नर्मदापुरम ने अनुरोध किया है कि उक्त प्रक्रिया के दौरान जिला मुख्यालय ट्रेजरी स्थित खजाना भवन में उपस्थित रहे।

### 95 वर्षीय बुजुर्ग ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



**पचमढ़ी।** पचमढ़ी निवासी छोटीबाई कोरी उम्र 95 वर्ष ने परिवार के साथ मतदान केंद्र जाकर मतदान किया। छोटी बाई ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारी घर आए थे लेकिन मैंने मतदान केंद्र जाकर मतदान करने का चयन किया। मैंने अधिकारियों को यह भी बताया कि मैं अभी मतदान केंद्र जाने के लिए पूरी तरह स्वस्थ हूं।

## डॉ. कलिका डोलस की लिखी तीसरी किताब का हुआ विमोचन




**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत नवीन पाठ्यक्रम अनुसार डॉक्टर कलिका डोलस द्वारा लिखी तीसरी किताब का आशीष तिवारी सीईओ जिला पंचायत एवं अन्य उपस्थित अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। उक्त किताब में लेखिका डॉक्टर कलिका डोलस ने बताया की नई उक्त किताब में नई शिक्षा नीति 2020 के नवीन पाठ्यक्रम अनुसार साथ सभी स्नातक स्तर पर अनिवार्य विषयए आधार पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के विषय महिला सशक्तिकरण शीर्षक से लिखी गई है जिसमें संपूर्ण पाठ्यक्रम का सरल भाषा में समावेश कर विद्यार्थियों के सुलभ संदर्भ हेतु 100 से भी अधिक वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का समावेश किया गया है। छात्राएं इसके अध्ययन से अवश्य ही लाभान्वित होंगी। यह नई शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत उनकी तीसरी किताब है इसके पूर्व भी डॉक्टर कलिका डोलस की दो किताबें प्रथम वर्ष व्यावसायिक पाठ्यक्रम हेतु व्यक्तित्व विकास की तथा मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी भोपाल द्वारा प्रकाशित गृह विज्ञान विषय मेजर प्रश्न पत्र प्रथम की किताब पारिवारिक संसाधन एवं गृह परिसज्जा कर शीर्षक से प्रकाशित हो चुकी है। इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि यह महाविद्यालय को गौरांवित करने वाली बात है इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने डॉक्टर कलिका डोलस की इस अकादमिक उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी।

# हीरापुर के हरीश परमार जगदीश रथयात्रा और चल समारोह के लिए अध्यक्ष नियुक्त

**सीहोर।** पिछले करीब 62 साल से शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से पूरी की तर्ज पर रथ यात्रा निकाली जाती है, भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा 1961 में मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ शुरु की थी, जो आज तक जारी है। यह मंदिर परमार समाज की एकता और आस्था का प्रतीक है। विषम परिस्थितियों में भी यात्रा कभी रूकी नहीं है। परमार समाज के प्रयासों से मंदिर की भव्यता में विस्तार हो रहा है। आगामी दिनों में भव्य चल समारोह का निकाला जाएगा।

इस संबंध में परमार समाज जेपी परमार ने बताया कि ग्राम हीरापुर के हरीश परमार को भगवान जगदीश रथ यात्रा और चल समारोह का अध्यक्ष बनाया गया है। जगदीश मंदिर सीहोर में यात्रा एवं शोभायात्रा को लेकर आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है। वहीं इस बैठक में उनके साथ रफीगंज के अनारसिंह परमार को मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

आगामी जुलाई माह में निकलने वाली जगदीश रथयात्रा को निकालने के लिए परमार समाज के लोगों ने यह बैठक आयोजित की थी। समारोह के लिए नियुक्ति के साथ बैठक में रथ यात्रा एवं चल समारोह को लेकर व अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इस अवसर पर परमार समाज के चंदर सिंह मंडलोई, तुलसीराम पटेल, शिव परमार मुरली, विष्णु परमार रोलूखेड़ी, मुकेश परमार, नंद किशोर परमार, विमल परमार, रामनारायण परमार, बाबूलाल परमार सहित समाज के अनेक वरिष्ठ जन मौजूद थे।

# 98 किमी पानी सप्लाई लाइन डालने का काम शुरू, 10 हजार नए कनेक्शन देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



12 कालोनियों में अभी भी नगर पालिका की पानी सप्लाई लाइन नहीं है। 11 करोड़ 3 लाख रुपए की लागत से अब शहर में 98 किमी लंबी पाइप लाइन डालने का काम शुरू हो गया। इस काम की शुरुआत इंदौर नाका से हुई है। इसमें 10 हजार नल कनेक्शन देने का टारगेट है। इसमें पुरानी पाइप लाइन को भी कई जगह से बदला जाएगा। इस काम के पूरा होने के बाद से लोगों को काफी राहत मिलेगी। सालों बाद शहरवासियों को पुरानी पानी की सप्लाई लाइनों से निजात मिलने वाली है। यही नहीं जिन वैध कालोनियों में अभी तक पेयजल सप्लाई लाइन नहीं थी वहां पर भी नई लाइन डाली जाएगी। शहर के सभी 35 वार्डों में करीब 98 किमी लंबी लाइन बिछाई जाने का प्लान है। इसकी शुरूआत इंदौर नाके से हो गई है। जहां लाइन नहीं, वहां भी डलेगी शहर में 98 किमी लंबी पानी की सप्लाई लाइन भी डाली जाएगी। नई लाइन उन क्षेत्रों में डाली जाएगी जहां पर अभी पानी की सप्लाई लाइन नहीं हैं। इसी के साथ कुछ जगह सप्लाई लाइन खराब हो गई है, उसे भी बदला जाएगा। इसमें 100 किमी लंबी डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और 5.7 किमी फीडर मेन में डाली जाएगी। इसके अलावा काहिरी में 500 मीटर राइजिंग लाइन को भी बदला जाएगा।

### समस्या से मिलेगी निजात

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि शहर में पानी की सप्लाई लाइन डालने का काम शुरू हो गया है। अभी इस काम की शुरुआात वार्ड क्रमांक 3 से की गई है। इसमें हर जगह नल कनेक्शन होंगे। कई जगह नई लाइन डाली जाएगी तो कुछ जगह पुरानी पाइप लाइन है जिसे बदलने का काम किया जाना है।

# जिले के शासकीय स्कूलों में कक्षा 1 से 3 तक में बाल चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में शिक्षा के स्तर को ओर बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने शिक्षा विभाग एवं शिक्षा संस्थाओं को निर्देश दिये कि छोटे बच्चों की शिक्षा को ओर आसान किया जाये इसी क्रम में ज़िले के शासकीय स्कूलों में FLN शालाओं में नवाचार के तहत कक्षा 1 से 3 तक में बाल चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चो में हिन्दी,गणित और दैनिक विकास के लिए कौशल और दक्षता विकसित करने के लिए शिक्षक गतिविधि आधारित और ख़ेल ख़ेल में शिक्षण करवा रहें है।

डाइट प्राचार्य डॉ अनिता बड़गुर्जर ने बताया कि शिक्षा का वातावरण निर्माण के लिए कुछ सुझात्मक गतिविधि आधारित सामग्री FLN शालाओं में दी गई है। मेरा अख़बार एक गतिविधि है जिसमें छात्र अभिभावक के साथ मिलकर मेरा अख़बार बनाता है उन्होंने बताया कि विकासखंड सीहोर की शा.मा.शा.शेरपुर मे FLN बाल चौपाल मे सहभागिता की गयी। शाला में बाल चौपाल के लिए सेल्फ़ी पॉइंट बनाया गया। डाइट प्राचार्य ने हिंदी एवं गणित की गतिविधियों मे बच्चों के साथ सहभागिता की। गणित की आकृतियों की समझ एवं हिंदी मे मेरी पसंद की कहानी अंतर्गत बच्चों से चर्चा की गयी। बच्चों ने भी बाल चौपाल मे अपनी सक्रिय सहभागिता की।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में मां की मौत, बेटा घायल

**हरदा।** टिमरनी से हरदा आ रहे मां-बेटे शुक्रवार सुबह सड़क हादसे का शिकार हो गए। मां की मौत हो गई, जबकि बेटे को कमर और पैर में गंभीर चोट आई है। जिला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जिले की टिमरनी के वार्ड-12 निवासी 75 साल की विद्यादेवी पति बालकृष्ण अग्रवाल बेटे कार्तिक नारायण अग्रवाल के साथ स्कूटी से डॉक्टर को दिखाने हरदा आ रही थी। ग्राम खिड़कीवाला में वेयर हाउस के पास तेज गति से आए बाइक सवार ने इन्हें टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से मां के सिर में गंभीर चोट आई। राहगीरों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि बेटे को भर्ती कर लिया।

### मृदा के सैम्पल लेने की प्रक्रिया समझाई

**हरदा।** प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लिये मिट्टी के नमूने एकत्र कर उनका परीक्षण किया जाता है। शासन के निर्देश अनुसार विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण की प्रक्रिया और महत्व के बारे में बताया जाना है। इसी क्रम में शुक्रवार को एकलव्य मॉडल रेसीडेसियल स्कूल, रहटगांव में सहायक संचालक कृषि डॉ. भागवत सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी मुकेश मेहता, मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला हरदा से मृदा विशेषज्ञ अमोल पुसदेकर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ. रूपचन्द जाटव ने विद्यार्थियों को परीक्षण के लिये मिट्टी के सैम्पल लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया।

### ईवीएम व वीवीपेट की कमिशनिंग आज से

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपेट की कमिशनिंग का कार्य 27 से 29 अप्रैल तक किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने बताया कि हरदा जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों की कमिशनिंग पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में प्रातः 9 बजे से शुरू होगी। कमिशनिंग की इस कार्यवाही के दौरान लोकसभा निर्वाचन के सभी 8 अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने के लिये कहा गया है। प्रतिदिन कमिशनिंग की कार्यवाही रात्रि 7 बजे तक संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में की जाएगी। कमिशनिंग हॉल में किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक डिवाइज ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

### आज शहर के कई इलाकों में रहेगी बिजली बंद

**हरदा।** जिले में मेंटेनेंस का काम लगातार बिजली कंपनी कर रही है। कल आज शनिवार को एक बार फिर बिजली कंपनी मेंटेनेंस का काम करने वाली है। जिसके कारण जिला मुख्यालय के कई क्षेत्रों में साढ़े 4 घंटे बिजली कटौती की जाएगी। कंपनी के जेई राकेश सिलोरिया ने बताया 27 अप्रैल को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक 11 केवी इंदौर रोड,गुप्तेश्वर मंदिर, खेड़ीपुरा, रेलवे, खेड़ीपुरा एवं कोर्ट फीडर पर मेंटेनेंस का अति आवश्यक कार्य होने के कारण बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इसके कारण सिंधी कॉलोनी, विपट कॉलोनी, राजधानी कॉलोनी, ड्रीमलैंड कॉलोनी, ब्रजधाम कॉलोनी, रौनक विहार, घंटाघर क्षेत्र, अभिषेक ग्रीन वैली, खेड़ीपुरा, मानपुरा, इमलीपुरा, बाहेती कॉलोनी, फाइल वार्ड, पीलियाखाल, सिविल लाइन, खंडवा बायपास, कोर्ट और उसके आसपास के इलाकों की बिजली बंद रहेगी।

### प्रशिक्षण 30 से 2 मई तक

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिये मतदान दलों में तैनात अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने बताया कि पूर्व में मतदान दलों के दो प्रशिक्षण सम्पन्न हो चुके है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा व शासकीय महाविद्यालय टिमरनी में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण हरदा व टिमरनी में 30 अप्रैल से 2 मई तक दो पालियों में सम्पन्न होगा।

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने का अभियान

# उपायुक्त ने मतदाता जागरुकता रथ को मतदाताओं को प्रेरित करने किया रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

विवाह के लिए बारात के साथ जा रहे दूल्हे ने घोड़े पर बैठकर बारातियों को दिलाई मतदान करने की शपथ। मतदान दिवस13 मई को समस्त मतदान केन्द्रों पर सतत जलापूर्ति रखने के लिए जलकार्य विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा। लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत नगर निगम ने आज नवाचार करते हुए मां महालक्ष्मी माता वार्ड मे विवाह के लिए बारात के साथ जा रहे दूल्हे से उपायुक्त जाकिर जाफरी ने अनुरोध किया कि वे बारातियों को मतदान करने की शपथ दिलाए और साथियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए अपील भी करें। दूल्हे ने घोड़े पर बैठकर न केवल उपस्थितजनों को मतदान की शपथ दिलाई बल्कि सभी से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की।

मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के तहत आज मां महालक्ष्मी माता वार्ड में निगम ने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का अभियान संचालित किया। उपायुक्त जाकिर जाफरी ने मतदाताओं से चर्चा कर उनसे शत-प्रतिशत मतदान करने का अनुरोध किया।

उपायुक्त जाफरी ने कहा कि मतदान दिवस के एक दिन पूर्व से शहर के सभी मतदान केन्द्रों पर सतत जलापूर्ति करने के लिए निगम के जलकार्य तथा सीवरेज विभाग के सहायक यंत्री श्री संजय शुक्ला, राजेश गुप्ता उपयंत्री प्रशांत पंचोरे को कार्य योजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जोन प्रभारी भुवन श्रीमाली ने बताया कि नगर निगम ने नवाचार करते हुए मतदाता जागरूकता रथ तैयार किया है जिसमें कि निमाड़ी में गीत के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए आह्वान किया गया है। कार्यक्रम में सहायक यंत्री संतोष कुमार पांडे, संजय शुक्ला,सहायक विधि अधिकारी राकेश ललित प्रभारी,स्वास्थ्य अधिकारी सखाराम भट्ट सहित कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

### रंगोली, ड्राइंग व नारा लेखन से मतदान की अपील




**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को हरदा शहर के बायपास चौराहें पर स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी ने उपस्थित महिलाओं को 7 मई लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदान करने हेतु शपथ दिलाई। हरदा शहर के एक निजी स्कूल में विद्यार्थियों के बीच रंगोली, ड्राइंग व नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अलावा ग्राम सोनपुरा, खारी व नीमढ़ाना के आंगनवाड़ी केन्द्रों में भी उपस्थित महिलाओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। गुरूवार शाम को ग्राम आमासेल, दीपगांवकला, पिपलिया, नीमढ़ाना, शोभापुर, चारूवा व पड़वा में ग्रामीण महिलाओं ने दीप जलाकर मतदान की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

### इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर हादसा

## बाइक से जा रहे दंपती को ट्रक ने मारी टक्कर, महिला की मौके पर मौत, पति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

इंदौर इच्छापुर हाईवे पर एक ट्रक ने बाइक सवार दंपत्ति को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बुरहानपुर निवासी महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका पति मामूली रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया। वहीं पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

▶ पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक पर केस दर्ज किया, परिजनों को शव सौंपा

घटना शुक्रवार सुबह 9 से 10 बजे के बीच की बताई जा रही है जब बुरहानपुर के आलमगंज में रहने वाले पति पत्नी राजू पिता राजाराम 42 और ज्योति बाई पति राजू 38 खंडवा के ग्राम सोनगिर से विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस बुरहानपुर आ रहे थे तभी दहीनाला के पास पांधार एरिया में ट्रक आरजे 07 जीसी - 0311 के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में महिला ज्योति बाई की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पति राजू को मामूली चोटें आई। ट्रक और बाइक चालक दोनों खंडवा की ओर से बुरहानपुर आ रहे थे। ट्रक में दलिया भरा था जो खकनार की ओर जा रहा था। वाहन चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। निंबोला थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया। मामले की जांच की जा रही है।

## करंट लगने से युवक की मौत, बिजली विभाग की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नेपानगर

नेपानगर थाना की नावरा चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोराडिया मे युवक की करंट लगने से मृत्यु हो गई। अजय पिता भूरा कासडेकर निवासी गोराडिया उम्र 34 वर्ष युवक ग्राम दूधिया में विद्युत का काम करने के लिए बिजली के खंबे पर चढ़ा था तभी अचानक लाइन चालू होने से हुआ युवक को करंट लग गया। करंट लगते ही युवक जमीन पर बेहोश गिर पड़ा।

ग्रामीण और परिजनों ने युवक को नेपानगर सामुदायिक केंद्र लाया लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक विद्युत विभाग का कर्मचारी नहीं था उसे वहां कार्यरत विभाग के कर्मचारी ने अपनी जगह लाइन ठीक करने खंबे पर चढ़वाया था जिस दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## कार्यशाला में किशोर न्याय अधिनियम के बारे में हर पहलु पर बताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला न्यायाधीश व सचिव गोपेश गर्ग एवं तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश रोहित सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को ए.डी.आर. सेंटर, हरदा में कार्यशाला आयोजित कर किशोर न्याय बोर्ड के पैनल अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट, किशोर न्याय बोर्ड एवं वन स्टॉप सेंटर के पदाधिकारीगण तथा पैरालीगल वॉलेटियर्स को किशोर न्याय अधिनियम के बारे में बताया गया। कार्यशाला में जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री गर्ग ने बताया कि किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम, 2015 का मुख्य उद्देश्य विधि विरूद्ध बालकों तथा सेवारत व संरक्षण के जरूरतमंद बालकों की बाल मैत्री प्रक्रिया के तहत उनके सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए उनकी समुचित देखरेख, उनके पुनर्वास, संरक्षण, उपचार एवं विकास सुनिश्चित करना है।

कार्यशाला में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश रोहित सिंह द्वारा बताया गया कि अगर किसी बच्चे से कोई अपराध हो जाता है तो ऐसे बच्चों के नाम एवं पहचान को छुपाकर समस्त कार्यवाही की जाती है निर्योग्यता का सिद्धांत भी लागू होता है। धारा 15 के तहत प्रिलिमिनरी असेसमेंट, सोशल इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट, जमानत, डिस्पोजीशनल आदेश, किशोर न्याय नियम, किशोर न्याय अधिनियम के तहत विभिन्न प्रकार के अपराध आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में जे.जे. बोर्ड से संबंधित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर एवं समस्याओं का समाधान किया गया एवं अपने अपने अनुभव साझा किए गए। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश्वरी महोविया, उप पुलिस अधीक्षक महिला सेल अरूणा सिंह जिला विधिक सहायता अधिकारी अपर्णा लोधी, पुलिस बालमित्र, अधिवक्तागण आदि उपस्थित रहे।

## ध्वजारोहण कर नेपा लिमिटेड ने मनाया 68वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नेपानगर

कागज की काशी के नाम से प्रसिद्ध और पुरानी केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की पेपर मिल नेपा लिमिटेड ने नए संकल्पों और लक्ष्यों के साथ शुक्रवार को अपना 68वां स्थापना दिवस मनाया। मिल परिसर में आयोजित मुख्य आयोजन में सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्य द्वार पर संस्थान के ध्वज का ध्वाजारोहण किया गया। इसके बाद अनाम श्रमिक स्मारक और शिलालेख पर माल्यार्पण और पूजन किया गया। अपने उद्बोधन में सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने नेपा लिमिटेड के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुएं कहा कि हम सभी को सम्मिलित प्रयासों और पूरे समर्पण भाव के साथ नेपा लिमिटेड को हर स्थिति में



इस 15 अगस्त तक ऑपरेशनल प्रॉफिट की स्थिति में लाना है।

सीएमडी ने कहा प्रतियोगी बाजार की आवश्यकता के अनुरूप हमें गुणवत्ता के साथ साथ तकनीकी और वित्तीय हानियों पर नियंत्रण करना होगा। इसके लिए मिल के मुख्य द्वारा पर सुझाव पेटियां भी लगाई जाएगी ताकि मिल हित में बेहतर उत्पादन प्रक्रिया और अच्छे सुझावों को निर्भय होकर कोई भी साझा कर सके। एक और पहल के तहत उत्पादन प्रक्रिया में बिना किसी रुकावट के उत्कृष्टता का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्लेटफॉर्म एक्सीलेंस सर्कल भी स्थापित किया जा रहा है जिससे कि धरातल पर काम करने वाले श्रमिक साथियों के साथ सीधा और लगातार संवाद स्थापित किया जा सके और कोई समस्या आने से पहले ही उसका यथासंभव और यथाशीघ्र निराकरण किया जा सके। उन्होंने मंच से भ्रष्टाचार पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए कार्य पद्धति और कॉन्ट्रैक्ट में अत्यावश्यक संशोधन के बारे में बताया।

भ्रष्ट व्यवहार वालों को चेताया कि वे अपने तरीके बदल लें। उन्होंने कहा नेपा लिमिटेड में उपलब्ध मशीनरी और तकनीकी अत्यंत उच्च स्तरीय है और ऐसी मशीनें संयोग से देश के कुछ गिने चुने संस्थानों के ही पास है। हम सब मिलकर अपने लक्ष्य के लिए कमर कस लें तो आगामी 15 अगस्त को ही हम बहुत बेहतर स्थिति में होंगे। स्वावलंबन का संकल्प कठिन अवश्य है किंतुए असंभव कदापि नहीं है।

### 'नशे से छुटकारा पाने के लिए नशे को न कहें'




**खंडवा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खण्डवा के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन के मार्गदर्शन में व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के सचिव/जिला न्यायाधीश यशवंत मालवीय के समन्वय एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी कु. अनुपमा मुजाल्दे के सहयोग व उपस्थिति में आज जिला जेल खण्डवा में विशेष नशा मुक्ति अभियान 22 अप्रैल से 26 अप्रैल के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में बंदियों को बताया गया कि जीवन में नशा एक दीमक की तरह है जो कि शरीर को धीरे धीरे नष्ट कर देता है, इसलिए व्यक्ति को इस नशे की आदत से छुटकारा पाने के लिए हमेशा नशे के लिए न कहना पडेगा, अधिकतर अपराध का कारण नशा ही होता है। उन्होंने नशे से कैसे छुटकारा पाया जा सकता है आदि के संबंध में बंदियों को जानकारी दी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अदिति चतुर्वेदी, रेखा जोशी सहित पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित थे।

### शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व कृषि मंत्री

**नेपानगर।** नगर के कांग्रेसी कार्यकर्ता और वरिष्ठ नगर वासियों के मृत्यु के पश्चात परिवारजन से शोक संवेदना व्यक्त करने पूर्व कृषि मंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी पहुंचे। नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस ने बताया कि 26 अप्रैल को सुबह 11 बजे पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव और लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी नरेंद्र पटेल नेपानगर पहुंचे। कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि सुबह 11 बजे इंटक के पूर्व प्रधान सचिव पप्पू सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी हरिओम यादव, भारत के प्रथम हिंद केसरी रामचंद्र पहलवान और कांग्रेस के पार्षद रतन सिंग भिलावेकर के यहां पहुंचकर परिवार जनों को ढांढस बांधया। इस अवसर प्रदेश महामंत्री अजय सिह रघुवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष किशोर महाजन, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष विजेता चौहान, अमर यादव, राजेश पटेल, लालचंद पटेल, अंतर सिंह बर्डे,राजू दामू पाटिल, दीपक अढाले, सुरेंद्र सिंह राठौड़ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बुरहानपुर विधानसभा प्रवास पर पहुंचे मप्र-छग क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

भाजपा के डीएनए में मेहनत है। कार्यकर्ताओं में हार्ड वर्क करने की क्षमता है। हम सोच रहे होंगे कि मैदान में कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं दिख रहे हैं। सिर्फ हम ही बैठकों और मैदान में घूम रहे हैं। कांग्रेसी षड्यंत्रकारी हैं। यह गुमराह करेंगे। कहेंगे कि आप तो जीत रहे हैं। क्यों काम कर रहे हैं। मोदी जी तो जीत रहे हैं। इनके बहकावे में मत आना। अति विश्वास में मत जाना। ज्यादा से ज्यादा वोटिंग बढाने पर ध्यान दें। प्रत्येक बूथ पर 370 वोट भाजपा के पक्ष में बढ़ाना होंगे।

यह बात गुरुवार रात बुरहानपुर




विधानसभा प्रवास पर पहुंचे मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने इंदौर.इच्छापुर हाइवे स्थित एक निजी होटल में आयोजित बैठक में कही। जिला मीडिया प्रभारी संजय वारुड़े ने बताया. बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने बुरहानपुर विधानसभा के मंडल, जिला मोर्चा, प्रभारियों और महापौर से चुनावी तैयारियों पर चर्चा की। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी कल्याण अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने, सांसद प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक अर्चना चिटनिस, महापौर माधुरी पटेल, लोकसभा सह प्रभारी दिलीप श्रॉफ, मनोज लधवे, गजेंद्र पाटिल, बुरहानपुर विधानसभा संयोजक अतुल पटेल, प्रभारी रामदास शिवहरे, विस्तारक वासुदेव अट्टू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, उपाध्यक्ष रवि गावड़े, आदित्य प्रजापति, स्वर्ण सिंह बर्ने, प्रशांत पाटिल, उमा कपूर, वीरेंद्र तिवारी, राजेश पाटिल, मंत्री संभाजी सगरे, सुधा चौकसे, कनीराम राठौर, योगेश पाटिल, कोषाध्यक्ष कैलाश पारीक, सह कोषाध्यक्ष प्रकाश लाड, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष किरण रायकवार, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष ईश्वर चौहान,्ष अजहर उल हक सहित अन्य भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सीईओ ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

# पेयजल, शौचालय, रैंप, शेड उपलब्ध कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने शुक्रवार को जिले के लगभग 1 दर्जन ग्रामों का दौरा कर वहां स्थित मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिये मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होने ग्राम बूंदड़ा, नकवाड़ा, सिरकम्बा, झाड़पा, जिजगांव, झुण्डगांव, कुकरावद का दौरा किया। जनपद पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलवान सिंह मवासे भी भ्रमण के दौरान उनके साथ थे। निरीक्षण के दौरान उन्होने पंचायत सचिवों को निर्देश दिये कि आगामी 7 मई को लोकसभा निर्वाचन के लिये होने वाले मतदान से पूर्व



अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में आवश्यक रिपेयरिंग, पुताई, सफाई जैसे कार्य आवश्यक रूप से करा लें।

सीईओ सिसोनिया ने निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिवों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के आने और जाने के लिये 2 अलग-अलग दरवाजे रहें। श्री सिसोनिया ने निर्देश दिये कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों के बाहर शेड की व्यवस्था की जाए ताकि मतदाताओं को मतदान के लिये धूप में खड़ा होकर इंतजार न करना पड़े। उन्होने सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में मटके भरवाकर रखने के निर्देश भी दिये ताकि मतदाताओं को गर्मी में ठण्डा पानी मतदान केन्द्र पर ही उपलब्ध हो सके। सीईओ श्री सिसोनिया ने सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रों के बाहर महिलाओं और पुरूषों के लिये अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। उन्होने दिव्यांगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों पर रैम्प की व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिये। उन्होने मतदान केन्द्रों पर बिजली, पंखे, कूलर व इन्वर्टर की व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिये।

#### उपार्जन केन्द्र का भी निरीक्षण

सीईओ सिसोनिया ने ग्राम मगरधा में भगवती वेयर हाउस का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्देश दिये कि उपार्जन केन्द्र सुबह निर्धारित समय से खोला जाये और निर्धारित समय तक खुला रहे ताकि किसानों को असुविधा न हो।

## कलेक्टर ने ली बीएलओ की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले निर्वाचन में 70 प्रतिशत से कम मतदान वाले 140 मतदान केंद्रों के बीएलओ की बैठक जिला कलेक्टर अनूप कुमार सिंह द्वारा ली गई और सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया कि सभी मतदान केंद्रों पर कार्ययोजना बनाकर मतदान प्रतिशत वृद्धि हेतु कार्य करें।

जिले के स्वीप नोडल और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा सभी बीएलओ को तीन प्रकार की सूची बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। पहली सूची जागरूक मतदाताओं की जो हमेशा मतदान करते हैं, दूसरी सूची जो मतदाता बाहर हैं, तीसरी सूची जिसमें मतदाता अरुचि के कारण मतदान नहीं करना चाहते। दूसरी और तीसरी सूची में बीएलओ कार्य योजना बनाकर कार्य करें और मतदान का प्रतिशत बढ़ाएं। अच्छे कार्य करने वाले बीएलओ को पुरुस्कृत करने की जानकारी सभी को दी गई। अपर कलेक्टर श्री के.आर. बडोले द्वारा बताया गया कि सभी बीएलओ मतदान पर्ची बांटते समय अनिवार्य रूप से पर्ची के साथ कोई अन्य दस्तावेज न ले जाएं।